an>

Title: Need to expedite the construction work of N.H. No. 33 and to check the quality of its construction.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 की जर्जर हालत एवं दुर्दशा की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ।

झारखण्ड की जीवन रेखा रूपी यह राजमार्ग एक लंबे अर्से से उन्नयन की प्रतीक्षा कर रहा है यह मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं, हर दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, कई लोगों की दुर्घटनाओं के कारण मौत भी हो चुकी है। पिछले दिनों इस राजमार्ग को 2 लेन से 4 लेन में बदलने का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया है। रांची, राड़गांव से जमशेदपुर तक के 163.5 किलोमीटर की लंबाई मधुकोन प्रोजेक्ट्स को तथा जमशेदपुर (महुलिया-बाहरगोड़ा)खडकपुर, पश्चिम बंगाल तक की 187 कि.मी. की लंबाई का कार्य सिम्प्लेक्स इफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (इंडिया) को दिया गया है। ऐसा देखा जा रहा है कि एक तरफ जहां कार्य प्रगति की गति धीमी है वहीं दूसरी और किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। हालत यह है कि स्थानीय सांसद की शिकायतों पर न तो यह एजेंसीया ध्यान देती हैं और न ही धीमी कार्य प्रगति का कोई समुचित कारण इनके पास है, जिससे इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ झारखण्ड की जनता को नहीं मिल पा रहा है।

अतः माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि पूरे झारखण्ड के विकास एवं आम जनता की सुरक्षा के हित में झारखण्ड की जीवन रेखा रूपी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 का निर्माण यथाशीघ्र किया जाये तथा लापरवाही की जांच को सुनिश्चित किया जाये 1